Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 24 फरवरी, 2023

राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में फॉस्फोर-जिप्सम

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (National Highways Authority of India- NHAI), उर्वरक विभाग एवं रसायन और उर्वरक मंत्रालय के सहयोग से **राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में फॉस्फोर-जिप्सम के उपयोग** हेतु NHAI परियोजनाओं पर फील्ड परीक्षण करेगा ताकि एक चक्रीय अर्थव्यवस्था प्राप्त की जा सके। फॉस्फोर-जिप्सम, उर्वरक निर्माण से निकलने वाला एक अपशिष्ट**उत्पाद, रेडॉन रेडियोधर्मी गैस का उत्सर्जन करता है। इसमें रेडियोधर्मी तत्त्व यूरेनियम, थोरियम और रेडियम भी शामिल हैं।** NHAI सड़क निर्माण में बेकार प्लास्टिक के उपयोग को भी बढ़ावा दे रहा है, जिसका सफल परीक्षण किया जा चुका है। अध्ययनों ने स्थापित किया है कि**प्लास्टिक कचरे का उपयोग करके बनाई गई सड़कें टिकाऊ, एवं धारणीय होती हैं और बिटुमेन (कच्चे तेल के आसवन के माध्यम से उत्पादित पदार्थ) के जीवन चक्र** को बढ़ाती हैं। इसी प्रकार NHAI ने हाईवे और फ्लाईओवर तटबंधों के निर्माण के लिये फ्लाई ऐश का इस्तेमाल किया है। फ्लाई ऐश **कोयला थर्मल पावर प्लांट में कोयले के दहन का एक अवांछित अधजला अवशेष है।** यह किसी भट्टी में कोयले के जलने के दौरान गर्पि गैसों (एक दहन प्रक्रिया से एक अपशिष्ट गैस) के साथ उत्सर्जित होती है तथा इसे**इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रीसिपिटेटर्स का उपयोग करके एकत्र किया जाता है।**

और पढ़ें...भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण **(NHAI),** ठोस अपशिष्ट प्रबंधन

सिथिन टॉप

जम्मू-कश्मीर में **ऑफ-बीट पर्यटन गंतव्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पहली बार सिथिन टॉप का मार्ग फरवरी 2023 में खोल** दिया गया है। **सिथिन टॉप** एक ऊँचा पहाड़ी दर्रा है जो **अनंतनाग ज़िले में ब्रेंग घाटी तथा जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के बीच स्थित है**, यह **कश्मीर को चिनाब घाटी से जोड़ता है**। जम्मू और कश्मीर (J & K) एक केंद्रशासित प्रदेश है, जो देश के उत्तरी भाग में स्थित है एवं**वैश्विक पर्यटन के प्रमुख स्थलों में से एक है।** पारंपरिक मनोरंजक पर्यटन के अतिरिक्त एडवेंचर, तीर्थयात्रा, आध्यात्मिक व स्वास्थ्य पर्यटन की यहाँ व्यापक संभावनाएँ मौजूद हैं। प्राकृतिक मनोरम, सुंदरता और सुरम्य स्थानों ने इसे विश्व भर के पर्यटकों के लिये एक पसंदीदा स्थान बना दिया है।**जम्मू यहाँ के मंदिरों के लिये प्रसिद्ध है, जबकि कश्मीर घाटी अपनी झीलों और उद्यानों हेतु जानी जाती है।** अन्य कुछ प्रसिद्ध स्थलों में श्रीनगर, पहलगाम, जम्मू, सनासर, ज़ांस्कर, गुलमर्ग, सोनमर्ग, पटनीटॉप, कटरा/वैष्णोदेवी, कारगिल, नुब्रा घाटी शामिल हैं।

और पढ़ें... भारत में पर्यटन

संस्कृति कार्यसमूह की पहली बैठक

G-20 की भारत की अध्यक्षता में **संस्कृति कार्यसमूह की पहली बैठक** हाल ही में **मध्य प्रदेश के खजुराहो में आयोजित** हुई। **बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री** ने की। बैठक के पहले दिन **पद्मश्री नेक राम**, जिन्हें **मिलेट्स मैन** के रूप में भी जाना जाता है, को**अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष (IYM) 2023 मनाने के लिये आमंत्रित** किया गया है। खजुराहो के मंदिर 950- 1050 ईस्वी के बीच चंदेल राजवंश के शासनकाल में बनाए गए थे। वर्तमान में यहाँ केवल 20 मंदिर शेष हैं; वे तीन अलग-अलग समूहों में आते हैं तथा दो अलग-अलग धर्मों से संबंधित हैं - **हिंदू धर्म** और जैन धर्म। यूनेस्को की 'खजुराहो ग्रुप ऑफ मॉन्यूमेंट्स' की साइट अपनी नागर शैली की वास्तुकला तथा नायिकाओं (हिंदू पौराणिक महिला नायक) एवं देवताओं की सुंदर मूर्तियों के लिये प्रसिद्ध है।



//

और पढ़ें...[अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष](), [भारत द्वारा G-20 की अध्यक्षता]()

भारतीय विधि आयोग

हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **22वें विधि आयोग के कार्यकाल को डेढ़ वर्ष के लिये बढ़ा दिया है,** विधि आयोग उन कानूनों की पहचान करने के लिये अनिवार्य है जो **"अब प्रासंगिक नहीं हैं" और उन्हें निरस्त करने की सिफारिश करते हैं।** पैनल का कार्यकाल 31 अगस्त, 2024 तक बढ़ा दिया गया है। यह भी अनिवार्य है कि **नए कानून को लागू करने का सुझाव दिया जाए जो** [निदेशक सिद्धांतों]() **को लागू करने तथा संविधान की** [प्रस्तावना]() **में निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिये आवश्यक हो सकते है।** भारत का विधि आयोग **समय-समय पर भारत सरकार द्वारा गठित एक गैर-सांविधिक निकाय है। पहला विधि आयोग वर्ष 1834 में** 1833 के चार्टर अधिनियम द्वारा ब्रिटिश राज के दौरान स्थापित किया गया था और इसकी**अध्यक्षता लॉर्ड मैकाले ने की थी। स्वतंत्र भारत का पहला विधि आयोग 1955 में तीन वर्ष के कार्यकाल के लिये स्थापित किया गया था।**

और पढ़ें.. [भारतीय विधि आयोग]()

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-24-february-2023